राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

जवाहर लाल नेहरू मार्ग

क्रमांक : परीक्षा 4–अ/परीक्षा–2018/ दिनांकः

स्नातक परीक्षा के प्रवेश-पत्र

स्नातक एडिशनल, पास एवं ऑनर्स कोर्स (विज्ञान, वाणिज्य एवं कला) परीक्षा–2018 के समस्त नियमित, पूर्व एवं स्वयंपाठी परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाईट **www.univraj.org** पर निम्न तिथियों से उपलब्ध होंगे:

1. प्रायोगिक परीक्षा हेतु – दिनांक 22.02.2018 से
2. सैद्धान्तिक परीक्षा हेतु – दिनांक 28.02.2018 से

परीक्षार्थी प्रवेश पत्र उक्त वेबसाईट से अपने नाम व फार्म नं. प्रविष्ट कर, दो प्रतियों में डाउनलोड कर सकते हैं, डाउनलोड किये गये दोनों प्रवेश पत्रों में निर्धारित स्थान पर फोटो उपलब्ध हो यह सुनिश्चित कर लें अन्यथा अपना नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो लगा कर ही परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित हों। परीक्षा केन्द्र की प्रति को अपने परीक्षा केन्द्राधीक्षक को सुपुर्द करें। परीक्षार्थियों को अन्य किसी माध्यम से प्रवेश पत्र प्रेषित नहीं किये जायेंगे। जिन नियमित परीक्षार्थियों की 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति है, वे परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकेगें।

नोटः–
1. संबंधित महाविद्यालय कम उपस्थिति वाले छात्रों की सूची रोल नं. सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु उन केन्द्राधीक्षक को भेजें जहॉं उनकी परीक्षा आयोजित होंगी।
2. प्रायोगिक परीक्षा की तिथि एवं बैच संबंधी जानकारी के लिए संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र से सम्पर्क करें।
3. सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक परीक्षा के प्रवेश पत्र अलग–अलग डाउनलोड़ करें।

Sd/-
परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक : परीक्षा 4–अ/परीक्षा–2018/2969-89 दिनांकः 20-2-18

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त केन्द्राधीक्षक संघठक/सम्बद्ध महाविद्यालय/मानविकी पीठ/सामाजिक विज्ञान भवन/ पी.जी. स्कूल ऑफ कॉमर्स, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि:–
   (I) उपरोक्तानुसार वेबसाईट से निकाले गए प्रवेश पत्रों को मान्य करें।
   (II) पूर्व विज्ञप्ति क्रमांक : परीक्षा नियंत्रक/परीक्षा–2018/8425 दिनांक 07.11.2017 के क्रम में लेख है कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्णयानुसार नियमित छात्र/छात्राओं की 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है, सम्बन्धित प्राचार्य कम उपस्थिति वाले छात्रों की सूची रोल नं. सहित केन्द्राधीक्षक को भेजें, ताकि ऐसे छात्र परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सकें। अन्यथा समस्त जिम्मेदारी आपकी होगी। ऐसे छात्रों की सूची से विश्वविद्यालय को भी अवगत करायें।
2. वित्त नियत्रंक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
3. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय वेबसाइट **www.uniraj.ac.in** पर प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
4. निदेशक, छात्र सूचना एवं सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. उप कुलसचिव, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. निजी सचिव–कुलपति/कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. सहायक कुलसचिव/अनुभागाधिकारी, संचालन शाखा/गोपनीय शाखा/विविध शाखा/छात्र सूचना केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
8. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार के जिलो में प्रसारित होने वाले मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में एक बार प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
9. प्रभारी– छात्र सूचना केन्द्र।
10. संबंधित फर्म।

उप कुलसचिव (परीक्षा)